मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ/आज

संख्या-29/मु0म0-145/78-2-2013-53आई.टी./2012

प्रेषक

निर्मला श्रीवास्तव
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

राज्य समन्वयक
सेंटर फार ई-गवर्नेन्स
लखनऊ।

आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 04दिसम्बर, 2013

विषय: एसएसडीजी योजना के अन्तर्गत धनराशि का अंश विभाजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परामर्शी, मुख्यमंत्री के पत्रांक-पीजी02383108/सीएम-2/2013, दिनांक 24.11.2013 की छायाप्रति का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा 08 विभागों की 26 सेवाओं को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में पेमेण्ट गेटवे के संचालन के बाद से जनपदों को प्रतिमाह उनके एकाउण्ट में ट्रांसफर की गयी धनराशि का जनपदवार एवं महावार विवरण स्पष्ट तालिका में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र में दिए गए निर्देशानुसार वांछित सूचना कृपया आज ही शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जा सकें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीया,

(निर्मला श्रीवास्तव)
अनु सचिव/जन सूचना अधिकारी